
# जल संदेश

गृह पत्रिका
वर्ष : 1, अंक : 1
माह : अक्टूबर 2021

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी लि. (उपक्रम मध्यप्रदेश नगरीय विकास एवं आवास विभाग)






निवास : बी-17, चार इमली, भोपाल
टेलीफैक्स : 0755-2671024, 267406
मंत्रालय : कक्ष क्र. बी-419, व.भ. -2
दूरभाष : 0755-2708158
E-mail : bplministeroffice@gmail.com
पत्र क्रमांक 4861 /मंत्री-न.वि./आ./2021
भोपाल, दिनांक : 28.10.2021

## संदेश

मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश में शहरी विकास के लिए संकल्पबद्ध है, नगरों को नियोजित करने व सुविधा सम्पन्न बनाने के लिए सरकार अनेक प्रयास कर रही है। जल प्रदाय और सीवरेज की व्यवस्था किसी नगर की मूलभूत आवश्यकता होती है। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा भी जल प्रदाय और सीवरेज परियोजनाओं को पूरा करने के लिए कार्य किया जा रहा है।

प्रसन्नता का विषय है कि मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा त्रैमासिक पत्रिका 'जल संदेश' प्रकाशित की जा रही है। इस अवसर पर मेरी ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**(भूपेन्द्र सिंह)**
मंत्री, नगरीय विकास एवं
आवास विभाग, मध्यप्रदेश शासन



मध्यप्रदेश शासन
नगरीय विकास एवं आवास विभाग
मंत्रालय वल्लभ भवन, भोपाल-462004
**Government of Madhya Pradesh**
Urban Development & Housing Department
Mantralaya, Vallabh Bhavan, Bhopal-462004
भोपाल, दिनांक : 28.10.2021

## संदेश

मुझे यह जानकर प्रसन्नता हुई कि मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा त्रैमासिक पत्रिका 'जल संदेश' का प्रकाशन किया जा रहा है।

आशा है कंपनी से संबंधित पठनीय एवं संग्रहणीय सामग्री का प्रकाशन इस पत्रिका में निरंतर होता रहेगा, जिसमें नागरिकों तक जल संरक्षण एवं स्वच्छता का व्यापक संदेश आसानी से पहुंच सके। इस अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं।

**(मनीष सिंह)**
प्रमुख सचिव
नगरीय विकास एवं आवास विभाग,
मध्यप्रदेश शासन

## मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड

(म.प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग)
CIN No. U75110MP2015SGC034139



## संदेश

यह समाचार अत्यंत शुभ और हर्षपूर्ण है कि मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा त्रैमासिक पत्रिका 'जल संदेश' का प्रकाशन होने जा रहा है। कंपनी द्वारा क्रियान्वित की जा रही तथा परियोजनाओं में होने वाली सामुदायिक गतिविधियों सहित विकास की जानकारी पत्रिका के माध्यम से मिलती रहेगी।

पत्रिका में योजनाओं से जुड़ी हुई सफलता की कहानी एवं विभिन्न अंचलों के समाचार का प्रकाशन किया जाना उपयोगी रहेगा। इस प्रयास के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

**(निकुंज श्रीवास्तव)**
प्रबंध संचालक

## मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड

(म.प्र. शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग)
CIN No. U75110MP2015SGC034139



## संदेश

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है। कम्पनी द्वारा बाह्य वित्त पोषित परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जाता है, जिनमें जल प्रदाय, सीवरेज और मिनी स्मार्ट सिटी के कार्य शामिल हैं।

कंपनी के मैदानी कार्यकर्ताओं के प्रयासों को मंच देने के लिए त्रैमासिक पत्रिका 'जल संदेश' का प्रकाशन किया जा रहा है। आशा है यह पत्रिका अपने उद्देश्य में सफल होगी।

हार्दिक शुभकामनाएं।

**(दीपक रत्नावत)**
प्रमुख अभियंता


# संपादकीय

शुद्धजल के बिना एक स्वस्थ्य एवं समृद्ध समाज की परिकल्पना नहीं की जा सकती। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा 178 नगरीय निकायों में जल प्रदाय और सीवरेज के साथ 13 निकायों में मिनी स्मार्ट सिटी का कार्य किया जा रहा है। परियोजनाओं से समाज को जोड़ने एवं समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न प्रकार की सामुदायिक गतिविधियां भी संचालित होती हैं। प्रतिदिन निकायों में सेमिनार, संगोष्ठी, प्रतियोगिता, स्थल निरीक्षण, प्रेरकों की बैठकें इत्यादि संचालित होती हैं। उत्कृष्ट स्तर के तकनीकी मापदंडों के साथ कंपनी परियोजनाओं को पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध है।

कंपनी की गतिविधियों और उपलब्धियों को कंपनी के अधिकृत ट्विटर, फेसबुक व समाचार पत्रों के माध्यम से सार्वजनिक किया जाता है , लेकिन फिर भी पारंपरिक माध्यमों का अपना अलग महत्व है। कंपनी के हर अधिकारी, कर्मचारी, श्रमिक तक व्यक्तिगत पहुंचने के लिए गृह पुस्तिका जल संदेश के प्रकाशन की संकल्पना की गई है।

पुस्तिका लघु आकार की है इसमें पूरे तीन महीनों के वृतांतों का समावेशन चुनौतीपूर्ण रहेगा, लेकिन फिर भी चुनिंदा क्रियाकलापों का प्रकाशन गृह पुस्तिका में अवश्यमेव किया जायेगा। संक्षिप्त किंतु सारगर्भित प्रयासों के साथ पाठकों के सहयोग और मागदर्शन से पुस्तिका अपने उद्देश्य में सफल रहेगी।

**चंद्र मोहन मिश्र,** उप परियोजना संचालक (प्रशासन)



**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन 2.0 का शुभारंभ किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि इंदौर को आज देश के साथ ही विश्व में सफाई के लिए जाना जाता हैं। इंदौर स्वच्छता में नंबर वन शहर है। यहां के लोगों ने यह तमगा समग्र प्रयासों से हासिल किया है। सभी लोग और शहर इंदौर का अनुसरण करते हुए अपने शहर और देश को स्वच्छ बना सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इंदौर स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार चार पहले स्थान पर रहा है। प्रधानमंत्री ने इंदौर में सफाई को लेकर किए गए प्रयासों की जमकर सराहना करते हुए कहा कि स्ट्रीट वेंडरों को सबसे ज्यादा लोन केवल मध्यप्रदेश में दिया गया है।**




## वृक्षमित्र बने अभियंता

अंकुर अभियान के तहत कम्पनी द्वारा वृक्षारोपण कर जानकारी वायुदूत एप पर अद्यतन की जा रही है। अब तक लगभग 9000 पौधों का रोपण किया जा चुका है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की समस्त 13 इकाइयों के अन्तर्गत प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 71वें जन्मदिन के अवसर पर निर्माणाधीन साइट्स पर वृक्षारोपण किया गया।

भोपाल, इंदौर, जबलपुर, छिंदवाड़ा, छतरपुर, सागर, शहडोल, रीवा, होशंगाबाद, खरगौन, ग्वालियर, चंबल, उज्जैन में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और ओवर हेड टैंक परिसर सहित अन्य घटकों में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर छायादार एवं फलदार पौधे लगाए गए। कम्पनी के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने वृक्षारोपण अभियान में उत्साहपूर्वक भागीदारी की।

# एमपीयूडीसी सामाजिक सरोकारों के विभिन्न सोपान



मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की समस्त इकाई द्वारा पाइप लाइन बिछाने के उपरांत निर्धारित समय में प्राथमिकता के आधार पर रोडरेस्टोशन कार्य किया जा रहा है। रोड रेस्टोरेशन कार्य की गुणवत्ता का निरीक्षण भी निरंतर किया जाता है।



चंबल इकाई द्वारा भिंड के सुंदरपुर स्थित प्राथमिक स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । चित्रकला के माध्यम से बच्चों ने जल बचाने और स्वच्छता का संदेश दिया। भिंड में एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से जल प्रदाय योजना का कार्य प्रगति पर है।



**मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 22 सितम्बर को 1000 करोड़ रुपये से अधिक के नगरीय विकास कार्यों का ई-लोकार्पण किया। इसी क्रम में सागर की राहतगढ़ जल प्रदाय योजना का लोकार्पण भी मुख्यमंत्री द्वारा किया गया।**

**एशियन डेवलपमेंट बैंक की सहायता से पूर्ण हुई राहतगढ़ जल प्रदाय परियोजना की लागत 34.52 करोड़ रुपये है। राहतगढ़ जल प्रदाय योजना से 26 हजार से अधिक आबादी को लाभ मिलेगा।**

## प्रबंध संचालक ने की मीटरयुक्त नल कनेक्शन लेने की अपील

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा एशियन डेवपलमेंट बैंक के सहयोग से 12 निकायों जल प्रदाय योजना का कार्य पूरा होने को है। कंपनी के प्रबंध संचालक श्री निकुंज श्रीवास्तव ने इन निकायों के रहवासियों से अपील की है कि वे मीटरयुक्त नल कनेक्शन अवश्य लें। प्रबंध संचालक ने नागरिकों को उदाहरण देते हुए आश्वस्त किया कि जिस तरह बिजली जितनी उपयोग की जाती है उतना ही बिजली का बिल आता है उसी तरह मीटर युक्त कनेक्शन होने से पानी का बिल भी उतना ही आयेगा जितना पानी उपयोग किया गया है, अत: अधिक बिलिंग को लेकर डरने की आवश्यकता नहीं है। मीटर कनेक्शन लेने से जल का अपव्यय नहीं होगा और निकाय 24x7 जल उपलब्ध कराने में सक्षम होंगे।

उल्लेखनीय है कि विगत दिनों कंपनी मुख्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में प्रबंध संचालक ने मीटर युक्त कनेक्शन लेने के लिए नागरिकों को प्रेरित करने आवश्यकता पर बल दिया था।



मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की इकाइयों द्वारा निकायों में प्लंबिंग संबंधी कार्यों के प्रशिक्षण के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। महिलाएं नल सुधारने के कार्य को सीखकर आत्मनिर्भर बन सकें इस उद्देश्य के साथ आयोजित इन शिविरों में महिलाएं भी रुचि के साथ सहभागिता करती हैं। जबलपुर, ग्वालियर, चंबल, इंदौर, उज्जैन सहित समस्त इकाइयों में महिलाओं को प्रशिक्षण के साथ-साथ परियोजना के संबंध में विस्तार से जानकारी भी दी जाती है।

अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की खरगौन इकाई द्वारा बड़वानी में निर्माणाधीन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट परिसर में वैक्सीनेशन शिविर आयोजित किया गया।

वैक्सीनेशन शिविर में श्रमिकों सहित आसपास के नागरिकों ने भी टीका लगवाया। उल्लेखनीय है कि कम्पनी के समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिकों को कोविड रोधी टीका लगाया जा चुका है। बड़वानी में जर्मन बैंक के एफडब्ल्यू की सहायता से सीवरेज परियोजना का काम चल रहा है।







मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा एशियन डेवलपमेंट की सहायता से क्रियांवित की जा रही जल प्रदाय परियोजनाओं में प्रेरक चिन्हांकित किए गए हैं। नल कनेक्शन के लिए नागरिकों को प्रेरित करने के साथ प्रेरक समुदाय को परियोजनाओं के लाभ से भी अवगत करा रहे हैं।

मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की सागर इकाई द्वारा स्कूली छात्राओं को राहतगढ़ जल प्रदाय परियोजना के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का भ्रमण करवाया गया। स्कूली छात्राओं ने पानी शोधन की प्रक्रिया को विस्तार से समझा।



# श्योपुर में बाढ़ पीड़ितों के लिए हमदर्द बनी टीम एमपीयूडीसी



4 अगस्त की रात चंबल संभाग के श्योपुर और बड़ौदा के लिए काल रात्रि साबित हुई। यहां प्राकृतिक आपदा अतिवृष्टि के कारण बनीं। श्योपुर और बड़ौदा में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। क्षेत्र की सीप नदी में जल स्तर बढ़ जाने के कारण बाढ़ के हालात निर्मित हो गये। रहवासियों के घरों में, दुकानों में, सार्वजनिक स्थानों में पानी भर गया। लोगों का समान यहां तक की अनाज भी खराब हो गया। ऐसी स्थिति में **मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी ने अपने समाजिक उत्तरदायित्व को निभाते हुए बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए तत्परता दिखाई। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम एमयूडीसी के आयुक्त सह प्रबंध संचालक श्री निकुंज श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में श्योपुर जिले में राहत शिविर संचालित किए गए।**

एमपीयूडीसी की ग्वालियर के परियोजना प्रबंधक श्री अरविन्द श्रीवास्तव एवं चंबल इकाई के श्री के.के. शर्मा अपनी टीम के साथ क्षेत्र में सक्रियता के साथ युद्ध स्तर पर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। रहवासियों और प्रशासन के बीच सेतु बनने का कार्य कंपनी के सामुदायिक विकास अधिकारी श्री उमेश सिंह और श्रीमती सोनिका शर्मा ने बखूबी निभाया। टीम एमपीयूडीसी ने लोगों के मन से भय निकालते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। कंपनी की जल प्रदाय योजना में काम करने वाले श्रमिकों की मदद से रात दिन विशेष साफ सफाई अभियान चलाकर बाढ़ का मलवा साफ करवाया गया। मृत मवेशियों का भी उचित ढ़ंग से निस्तारण करवाया गया। कंपनी के लिए निर्माण कार्य में लगे 7 डम्पर, 8 जेसीबी मशीन और अन्य तकनीकी संसाधन सहित 40 से अधिक मजदूर पीड़ितों की मदद के लिए लगा दिए गए।

कंपनी द्वारा स्थानीय रहवासियों को भोजन के पैकेट भी वितरित किए गए। समाजिक उत्तरदायित्व के तहत कंपनी द्वारा 900 साड़ियां, 900 पेटीकोट, 900 ब्लाउस, 300 लेगीज़, 300 कुर्ते और 252 जोड़ी जूते-चप्पल वितरण हेतु जिला प्रशासन को सौंपे गए।

दैनिक **सिटी टुडे**

बदलते भारत का सच

## बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए एमयूडीसी सक्रिय

**भोपाल।** चंबल संभाग के श्योपुर में बाढ़ पीड़ितों की मदद के लिए अर्बन डेवलपमेंट कंपनी युद्ध स्तर पर सक्रिय है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम एमयूडीसी के आयुक्त सह प्रबंध संचालक निकुंज श्रीवास्तव के कुशल नेतृत्व में श्योपुर जिले में राहत शिविर संचालित किए जा रहे हैं। एमपीयूडीसी के अतिरिक्ति प्रबंध संचालक रोहित सिंह भी व्यवस्थाओं का नियमित निरीक्षण कर रहें हैं। समाजिक उत्तदायित्व के तहत कंपनी द्वारा बाढ़ पीड़ितों को भोजन ,कपड़े,दवाईयों के साथ जूते चप्पल भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। कंपनी की चंबल इकाई की सामुदायिक विकास अधिकारी सोनिका शर्मा ने बताया कि कंपनी की ओर से 800 साड़ियां,150 जोड़ी कुर्ते पजामे,250 जोड़ी जूते-चप्पल वितरित किए जाने हैं। नगर परिषद् को सहयोग करते हुए कंपनी की चंबल इकाई द्वारा जेसीबी आदि मशीनरी और मानव संसाधन द्वारा शहर में साफ सफाई और कचरा एकत्रीकरण का कार्य करवाया जा रहा है। उल्ल्खनीय है कि विगत पांच दिनां से श्योपुर




में आपदा प्रबंधन का दायित्व नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त निकुंज श्रीवास्तव स्वयं संभाल रहे हैं। श्रीवास्तव के निर्देषन में एमपीयूडीसी की चंबल इकाई सहित स्थानीय निकाय एवं जिला प्रषासन का पूरा अमला राहत एवं बचाव कार्य में सक्रिय है।

श्योपुर में आपदा प्रबंधन का दायित्व नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आयुक्त श्री निकुंज श्रीवास्तव व जिला प्रशासन ने संभाला। श्री श्रीवास्तव के निर्देशन में एमपीयूडीसी की ग्वालियर, चंबल इकाई सहित स्थानीय निकाय एवं जिला प्रशासन का पूरा अमला राहत एवं बचाव कार्य में सक्रिय रहे।

सफलता की कहानी

# राहतगढ़ के रहवासियों को मिली राहत, घर तक पहुंचा नल से शुद्ध जल

## हर घर नल से जल पहुंचाने का अभियान सफलता की ओर



वैज्ञानिक किसी भी ग्रह पर जीवन तलाशने के लिए पता लगाते हैं कि वहां जल है या नहीं। जल जीवन का आधार है जल के बिना जीवन संभव ही नहीं है, इसलिए जल हर घर में पहुंचाना शासन की जिम्मेदारी भी है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान भी यही मन्तव्य रखते हैं की मध्यप्रदेश के हर घर, नल से शुद्ध जल पहुंचे। हर घर नल से जल के सपने को साकार करने के लिए नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में और प्रबंध संचालक श्री निकुंज श्रीवास्तव के कुशल प्रबंधन में मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी प्रयासरत है।

मध्यप्रदेश के 100 से अधिक नगरों में एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से जलावर्द्धन योजना क्रियांवित हो रही है। कई निकायों में यह योजना पूरी होने को है। इसी क्रम में सागर जिले के कस्बे राहतगढ़ के रहवासियों ने राहत की सांस ली है क्योकि यहां अब घर तक नल से जल पहुंचने लगा है। विगत दिनों मुख्यमंत्री ने 1000 करोड़ से अधिक के नगरीय विकास कार्यों का लोकार्पण किया इसी क्रम में राहतगढ़ जल प्रदाय योजना का लोकार्पण भी किया गया। पहले राहतगढ़ के रहवासियों को पानी के लिए परेशान होना पड़ता था। नगर परिषद् के पास मौजूद जल वितरण के इंतजाम भी नाकाफी थे। पीने के साफ पानी के अभाव में नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी विपरीत प्रभाव पड़ रहा था। लोगों की इन्हीं समस्याओं को दूर करने का बीड़ा मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी ने उठाया।

अर्बन डेवलपमेंट कंपनी ने मार्च 2017 से यहां जलावर्द्धन योजना का काम हाथ में लिया। पास ही मौजूद बीना नदी से मिलने वाले पानी को शुद्ध करने के लिए वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट लगाया गया। योजना के अन्य घटकों जिनमें इंटैक वैल, एनीकट, ओवर हैड टैंक का निर्माण किया गया। मुख्य पाइप लाईन एवं वितरण पाइप लाईन बिछाई गई। पाइप लाईन बिछाने के उपरांत लोगों को असुविधा से बचाने के लिए रोड रेस्टोरेशन का कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर किया गया।

राहतगढ़ जलावर्द्धन योजना के सभी घटकों के निर्माण या उन्नयन में उत्कृष्ट गुणवत्ता विशेष पक्ष है। पूरी परियोजना के क्रियांवयन के दौरान पर्यावरण सुरक्षा व सामुदायिक भागीदारी का भी विशेष ध्यान रखा गया। राहतगढ़ के 98 प्रतिशत से अधिक घरों में नल कनेक्शन हो चुके हैं। कस्बे में चौबीस घंटे सातों दिन पानी मिलेगा। पानी के दुरुपयोग को रोकने के लिए भी राहतगढ़ के रहवासी सजग है इसलिए मीटर युक्त नल कनेक्शन के लिए प्रेरित हो रहे हैं। शासन के प्रयास और नागरिकों के सहयोग से योजना धरातल पर सफल होती ही है, राहतगढ़ इस बात का प्रमाण बन गया है।






मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा एनजीओ ऑल इंडिया इन्स्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्मेंट के माध्यम से छिंदवाड़ा, धर्मपुरी, भेड़ाघाट सहित 28 निकायों के आम नागरिकों को सीवरेज कनेक्शन लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। एनजीओ के प्रतिनिधि घर-घर जाकर एमपीयूडीसी की ओर से लोगों को सीवरेज कनेक्शन लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं। प्रयास किए जा रहें है कि युवाओं और किशोरों को इस दिशा में प्रेरित किया जा सके, जिससे वे अपने परिजनों के व्यवहार में सीवरेज कनेक्शन के लिए सकारात्मक परिवर्तन ला सकें। विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में जागरूकता हेतु व्याख्यान के साथ चित्रकला प्रतियोगिता व सेमिनार का आयोजन भी किया जा रहा है।



जल प्रदाय योजना के लिए चिन्हांकित प्रेरकों द्वारा कोरोना रोधी टीकाकरण के लिए भी आम लोगों को जागरूक किया जा रहा है। प्रेरक महिलाएं टीकाकरण केन्द्र तक अन्य महिलाओं को ला रही है। उल्लेखनीय है प्रेरक महिलाओं ने विगत मार्च से लेकर जून माह तक नागरिकों को कोरोना से बचाव की जानकारी दी।

**सम्पर्क पता -**

**मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी लिमिटेड**

अमरकंटक भवन, एम.पी. नगर, जोन-1, भोपाल

दुरभाष - 0755-2763060, वेबसाइट - www.mpudc.co.in

ई-मेल - mpusipbpl@gmail.com